हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 22 अप्रैल 2025
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 43 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

4 पेयजल व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## खबर संक्षेप

### बैकुंठपुर में पारा 43 डिग्री घर में दुबके रहे लोग

**बैकुण्ठपुर।** क्षेत्र में गर्मी ने अपना तीखा तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। सोमवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे दोपहर के समय शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। आमजन गर्मी से बचने के लिए घरों में ही दुबके रहे, वहीं जरूरी काम से बाहर निकलने वाले लोग मुंह ढंके नजर आए। दोपहर 12 बजे के बाद मुख्य बाजार, चौक-चौराहों और अन्य व्यस्त स्थानों पर सामान्य दिनों की अपेक्षा भीड़ कम रही। हीट स्ट्रोक के खतरे को देखते हुए डॉक्टरों ने नागरिकों को दोपहर 12 से 3 बजे तक घर से बाहर न निकलने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोत्तरी हो सकती है, जिससे गर्मी का प्रकोप और तेज होगा। प्रशासन द्वारा स्कूलों के समय में परिवर्तन पर भी विचार किया जा रहा है।

### 4-4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**मनेन्द्रगढ़।** प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत करने का प्रावधान किया गया है। इसके तहत वार्ड क्रमांक 10 खोंगापानी तहसील मनेन्द्रगढ़ में आदित्य की मृत्यु तालाब के पानी में डूबने के कारण हो गया था, जिससे उनके पिता बालकरण को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार, कमलभान सिंह पिता उतरहा गोड़ निवासी ग्राम तेन्दूडांड तहसील मनेन्द्रगढ़ की मृत्यु नदी में डूबने के कारण हो गया था जिससे मृतक के पुत्र दशरथ सिंह को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार खड़गवां तहसील के ग्राम बेलबहरा निवासी जिरमन बाई की पानी में डूबने से हुई मृत्यु हो जाने पर उनके पति प्यारेलाल उरांव को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### संविदा पदों के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित

**मनेन्द्रगढ़।** छग के महिला एवं बाल विकास विभाग नवा रायपुर के निर्देशन में मिशन वात्सल्य अंतर्गत संचालित चाईल्ड हेल्पलाइन योजना के तहत जिला स्तरीय संविदा पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है। इसीक्रम में जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में चाईल्ड हेल्पलाइन के अंतर्गत स्वीकृत कुल 8 संविदा पदों के लिए प्राप्त आवेदनों का परीक्षण एवं मूल्यांकन पूर्ण कर लिया गया है।

### शहर में महंगी बाइक को निशाना बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

# 8 महंगी बाइक समेत सूरजपुर से आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

- अन्य आरोपी की तलाश जारी, नाबालिग भी रहा घटना में शामिल

शहर में लगातार हो रही महंगी बाइक चोरी की घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक अंतर जिला बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ कोरिया पुलिस ने किया है।

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के मार्गदर्शन में थाना बैकुंठपुर और थाना पटना की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए कुल 8 नग महंगी मोटरसाइकिल जब्त की हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 3 लाख 65 हजार रूपए बताई जा रही है। पुलिस ने थाना बैकुंठपुर के अपराध क्रमांक 130/25, 131/25 धारा 303 (1), 331(4) बीएनएस तथा थाना पटना के अपराध क्रमांक 88/25, 89/25 धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी। इसी क्रम में मुख्य आरोपी भूपेन्द्र सिंह पिता स्व. राजेन्द्र सिंह उम्र 20 वर्ष निवासी नवापारा, सूरजपुर और एक नाबालिग विधि विरूद्ध संघर्षरत बालक को हिरासत में लिया गया।

पूछताछ में आरोपियों ने कोरिया जिले के विभिन्न स्थानों से 3 नग ड्यूक केटीएम, 1 नग आर-15, 2 नग स्कूटी, 1 नग सुपर स्प्लेंडर और 1 नग बजाज पल्सर एनएस 160 चोरी करने की बात कबूली। पुलिस ने इन सभी बाइक को अलग-अलग ठिकानों से बरामद कर जब्त किया है। गौरतलब है कि बीते दिनों शहर के कचहरीपारा, स्कूलपारा, ओड़गी नाका जैसे रिहायशी क्षेत्रों में हुई चोरी की घटनाएं सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हुई थीं, जिसमें चोरों की गतिविधियां स्पष्ट रूप से देखी गईं। इन्हीं फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान ▶▶ शेष पेज 4 पर


पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त की गई बाइक।

**पुलिस गश्ती पर उठे थे सवाल:** स्थानीय लोगों का कहना रहा कि कचहरीपारा का इलाका पूरी तरह रिहायशी है, बावजूद इसके चोर बिना किसी डर के बाइक चुराकर फरार हो गए। बीते 8 अप्रैल को चोरों ने एक के बाद एक कई मकानों के सामने रखे बाइक को निशाना बनाया था और आराम से निकल गए थे, जिससे सिटी कोतवाली पुलिस की गश्त और सतर्कता पर सवाल खड़े हो रहे थे।


छग राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष का स्वागत करते भाजपाई।

## अध्यक्ष रामसेवक के आगमन पर भाजपाइयों ने किया स्वागत

**बैकुण्ठपुर।** छग राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा के प्रथम कोरिया आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में खरवत चौक पर आयोजित कार्यक्रम में श्री पैकरा का पुष्पमालाओं और जयघोष के साथ भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में जिलेभर से काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, जिला सह मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य शिवकुमारी सोनपाकर, नगर पालिकाध्यक्ष अरूण जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष कुंती चक्रधारी, ▶▶ शेष पेज 4 पर

## बाजारपारा के दाल-भात केन्द्र में भरपेट मिल रहा भोजन

- 5 रुपए में भरपेट मिल रहा भोजन

**बैकुण्ठपुर।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत बैकुण्ठपुर के बाजारपारा स्थित पौनी पसारी शेड के नीचे संचालित दाल-भात केन्द्र श्रमिकों के लिए वरदान साबित हो रही है।

प्रतिदिन काफी संख्या में गरीब तबके के लोग भोजन करने के लिए जुटते हैं। इस योजना के तहत दाल भात केन्द्र संचालन शुरू होने के बाद श्रमिकों एवं गरीबों को बड़ी राहत मिल गई है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त योजना का क्रियान्वयन श्रम विभाग द्वारा किया जा रहा है, इसके तहत पंजीकृत श्रमिकों को 5 रूपए में दाल, चावल, सब्जी भरपेट मिल रहा है। भोजन के साथ ही आचार, पापड़ तथा सलाद भी प्रदान किया जा रहा है। निश्चित रूप से गरीब श्रमिक वर्ग के लिए शहीद वीर नाराण सिंह श्रम अन्न योजना ▶▶ शेष पेज 4 पर



### केल्हारी क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन जोरों पर

**मनेन्द्रगढ़।** केल्हारी क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन जोरों पर है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एमसीबी जिला अंतर्गत केल्हारी क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन का मामला तेजी से तूल पकड़ता जा रहा है। जानकारी के अनुसार रात के अंधेरे में नदी क्षेत्र में कई भारी वाहन रेत लोड करने के लिए पहुंचते हैं, इससे पूरे क्षेत्र में अवैध गतिविधियों का माहौल बन गया है। स्थानीय सूत्रों की मानें तो इस अवैध रेत उत्खनन में जिले के कुछ जनप्रतिनिधियों का भी अप्रत्यक्ष सहयोग प्राप्त है, जिससे यह कार्य बेधड़क जारी है।

## नागपुर, महाराजपुर में अवैध कोयला उत्खनन, सौंपा ज्ञापन

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-नागपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महाराजपुर, सोनवर्षा, राधारमननगर, हर्रा, लाई, बरबसपुर व उजियारपुर के ग्रामीणों ने जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में चल रहे अवैध कोयला उत्खनन व तस्करी पर रोक लगाने की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि जंगल क्षेत्र से प्रतिदिन भारी मात्रा में कोयला निकाला जा रहा है, जिसे ट्रकों के माध्यम से अंतरराज्यीय स्तर पर भेजा जा रहा है और ईंट भट्टों में प्रयोग हो रहा है। इस कार्य में जंगल, खनिज विभाग व पुलिस विभाग के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत की बात भी ग्रामीणों ने कही है। ग्रामीणों ने बताया कि जब वे इसका विरोध करते हैं, तो माफिया उन्हें खुलेआम धमकाते हैं, जिससे गांवों में भय का माहौल है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने क्षेत्र में जुआ, सट्टा व अवैध शराब बिक्री की गतिविधियों पर भी संज्ञान लेने की अपील की है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि तत्काल सख्त कार्रवाई कर क्षेत्र में कानून व्यवस्था बहाल की जाए।



## कोरिया कॉलरी का एसईसीएल अस्पताल बना खंडहर


जर्जर अस्पताल

- नशेड़ियों का अड्डा-इलाज को तरस रही जनता

**कोरिया कालरी।** एक समय क्षेत्रवासियों की स्वास्थ्य सेवा का मुख्य केन्द्र रहा एसईसीएल का अस्पताल बीते करीब 10 वर्षों से बंद पड़ा है। आज इसकी स्थिति इतनी जर्जर हो चुकी है कि यह शराबियों और नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। जहां कभी मरीजों की भीड़ होती थी, आज वहां टूटे खिड़की-दरवाजे, झाड़-झंखाड़ और नशाखोरी का माहौल देखा जा सकता है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि कोरिया कॉलरी में तीन वार्ड संचालित हैं, लेकिन प्राथमिक उपचार के लिए भी उन्हें दूर-दराज जाना पड़ता है। गर्मी का मौसम और बढ़ती मौसमी बीमारियां जैसे डेंगू, वायरल बुखार, शुगर, ब्लड प्रेशर और डायबिटीज जैसी समस्याएं लोगों को घेर रही हैं,लेकिन इलाज के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। हालांकि शासन द्वारा सप्ताह में एक दिन मेडिकल बस सेवा चलाई जा रही है, लेकिन यह सुविधा आकस्मिक और सीमित है। जनता की स्पष्ट मांग है कि नया भवन नहीं चाहिए, बस वर्षों से बंद पड़े एसईसीएल अस्पताल को पुनः चालू किया जाए और उसमें डॉक्टर, नर्स व अन्य मेडिकल स्टाफ की नियुक्ति की जाए। स्थानीय लोगों ने कई बार प्रशासन व नगरीय निकायों से इसकी मांग की, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है। अस्पताल का पुनरुद्धार न केवल स्वास्थ्य सेवा को पटरी पर लाएगा, बल्कि क्षेत्र में बढ़ते असामाजिक तत्वों पर भी लगाम लगेगी। अब देखना यह होगा कि शासन-प्रशासन कब जागता है और कब कोरिया कॉलरी की जनता को उनका बंद पड़ा अस्पताल वापस मिलता है।

### वैल्यू चेन पार्टनर के लिए आवेदन

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य तेल-तिलहन मिशन (नेशनल मिशन ऑन इडिबल ऑयल ऑयलशिड ) के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए योग्य एफपीओ (एफपीओ) एवं सहकारी समितियों से वैल्यू चेन पार्टनर (वीसीपी) बनने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना के अंतर्गत किसानों के चयन से लेकर मृदा परीक्षण, बीज वितरण, फसल प्रदर्शन, प्रशिक्षण, फार्म स्कूल संचालन, सलाहकार सेवाओं का प्रसार और अंत में उत्पाद के मूल्य संवर्धन व विपणन तक की संपूर्ण प्रक्रिया में सहभागिता की जिम्मेदारी इन्हीं पार्टनरों को सौंपी जाएगी। इन कार्यों के संचालन के लिए पात्र संस्थाओं को योजना में निर्धारित प्रावधानानुसार वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाएगी। वैल्यू चेन पार्टनर बनने के लिए इच्छुक एफपीओ अथवा सहकारी समितियों को कुछ पात्रता शर्तों को पूरा करना आवश्यक है। इसमें कंपनी अधिनियम या सहकारिता अधिनियम के तहत पंजीकरण संबंधित जिले में कम से कम तीन वर्षों का कायार्नुभव संस्था में न्यूनतम 200 पंजीकृत कृषकों की भागीदारी, पिछले तीन वर्षों में औसत वार्षिक कारोबार 9 लाख रूपए से अधिक और किसानों द्वारा संस्था में कम से कम 3 लाख रूपए की इक्विटी निवेश की अनिवार्यता शामिल हैं।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह मई 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 मई से 31 मई तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 अप्रैल 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार 1100
नियम व शर्तें लागू
कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ______ मो.नं. ______
पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______
स्थान ______ जिला ______
एजेंसी का नाम ______
एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______
नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।
हरिभूमि
ग्राहक प्रति
जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ______ मो.नं. ______
पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______
स्थान ______ जिला ______
एजेंसी का नाम ______
एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______

### जरौंधा में दुकान शो पीस बन गई

## लाखों खर्च के बाद भी सामुदायिक शौचालय में ताला बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

कोरिया-एमसीबी जिले में स्वच्छ भारत मिशन के तहत पंचायतों में सामुदायिक शौचालय सह दुकान का निर्माण कार्य कई पंचायतों में कराया गया है, लेकिन निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद भी अनेक पंचायतों में लाखों रूपए खर्च कर बनाए गए सामुदायिक शौचालय उपयोग में नहीं लाया जा रहा है।

लाखों खर्च करने के बाद भी सामुदायिक शौचालय में ताला बंद है, वहीं इसके साथ ही बनाए गए दुकान की नीलामी भी नहीं की गई है, इसके कारण सामुदायिक शौचालय सह दुकान पंचायतों में शो पीस बनकर खड़ी है। बंद पडेÞ सामुदायिक शौचालय को चालू कराने की दिशा में जिम्मेदार अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे हैं ओर न ही पंचायत प्रमुख ही इस ओर ध्यान दे रहे हैं। इस तरह शासन का लाखों रूपए खर्च करने के बाद भी उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो पा रही है, सिर्फ सुविधा के नाम पर राशि खर्च की गई है, लेकिन उपयोगिता सुनिश्चित करने की दिशा में पंचायत प्रतिनिधि भी बेपरवाह है, इसके चलते ही कोरिया-एमसीबी जिले के कई पंचायतों में लाखों खर्च कर बनाया गया सामुदायिक शौचालय का निर्माण होने ▶▶ शेष पेज 4 पर


शौचालय में लगा ताला।

### दुकान निर्माण का भी नहीं मिल रहा लाभ

कोरिया-एमसीबी जिले के पंचायतों में सामुदायिक शौचालय सह दुकान निर्माण कार्य कराए जाने के बाद कई पंचायतों में भवन बंद पड़ा है, इससे लोगों को सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है और न ही गांव के बेरोजगारों को रोजगार के अवसर देने के लिए बनाए गए दुकान आवंटन नहीं होने के कारण इसका भी लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस दिशा में नव निर्वाचित सरपंचों को पहल कर पंचायतों में बनाए गए सामुदायिक शौचालय सह दुकान जो कि निर्माण के बाद से बंद पड़े हैं, उन्हें चालू कराने की दिशा में पहल करने की जरूरत है।

## खबर संक्षेप



### आईजी ने किया थाना गांधीनगर का आकस्मिक निरीक्षण

**अंबिकापुर।** शनिवार की देर शाम आईजी अंकित गर्ग ने गांधीनगर थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाणे में जब्त लावारिस वाहनों व सामानों को लेकर अग्रिम कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। बता दें कि शनिवार की देर शाम आईजी अंकित गर्ग गांधीनगर थाना के निरीक्षण पर पहुंचे थे। इस दौरान आईजी श्री गर्ग ने थाने में संधारित विभिन्न पंजियों तैनाती रजिस्टर, जरायम पंजी, दैनिक डायरी, मर्ग डायरी, निगरानी गुंडा बदमाशों का सूची, मालखाना, शस्त्रागार के साथ-साथ सीसीटीएनएस कक्ष का विधिवत अवलोकन किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में जब्त लावारिस वाहनों-/सामानों का अग्रिम कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आईजी ने थाने के कार्यों को बारीकी से अवलोकन कर, थाना परिसर में मरम्मत कराने व संसाधनों के संबंध में पुलिस अधीक्षक से चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसी भी गंभीर प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए निकाल हेतु थाना प्रभारी सहित सभी विवेचकों को विशेष ध्यान दें और लंबित प्रकरणों का यथाशीघ्र निकाल करें। इस दौरान एसपी योगेश पटेल, एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों सहित अन्य मौजूद थे।

### भाजपा ने अजा वर्ग के वरिष्ठजनों को किया सम्मानित



**सीतापुर।** भाजपा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में संचालित समरसता कार्यक्रम के तहत भाजपा द्वारा अजा वर्ग के वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया। जनपद उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी अनिल अग्रवाल ने शाल श्रीफल भेंट कर इन्हें सम्मानित किया। भाजपा द्वारा मंडल राजापुर के ग्राम गुतुरमा में समरसता कार्यक्रम के तहत डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़ा मनाया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा द्वारा अनुसूचित जाति समाज के वरिष्ठ जन को जनपद उपाध्यक्ष व कार्यक्रम प्रभारी अनिल अग्रवाल ने सम्मानित किया। इसके अलावा नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष राजापुर भगत सिंह पैंकरा, मंडल महामंत्री रंजीत गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो आरडी चौहान, विजय यादव द्वारा भी अजा वर्ग के वरिष्ठ सदस्यों को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने बाबा भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान निर्माण में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर बृजेश गुप्ता, रूपेश गुप्ता, ईश्वर गुप्ता समेत जनपद सदस्य सरपंच पंच एवं अजा वर्ग के बुजुर्ग महिला युवा सदस्य उपस्थित थे।

### आवास यान को जनपद अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**सीतापुर।** गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रचार प्रसार हेतु आवास यान को जनपद अध्यक्ष स्नेहलता अनुज एक्का ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह आवास यान गांव में भ्रमण करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक करेगा। गौरतलब है कि मोर दुआर साय सरकार महाअभियान पखवाड़ा चलाया जा रहा है जिसके तहत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे एवं प्रचार प्रसार किया जा रहा है। गांवों में जाकर इस महाअभियान का अच्छे से प्रचार प्रसार हो सके इसके लिए शासन द्वारा आवास यान की व्यवस्था की गई है। जनपद अध्यक्ष स्नेहलता अनुज एक्का द्वारा गांवों में प्रचार प्रसार हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह आवास यान 42 ग्राम पंचायत में भ्रमण करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे एवं प्रचार प्रसार करेगी। वहीं आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए मोर दुआर साय सरकार महाअभियान के तहत जनपद अध्यक्ष स्नेहलता अनुज एक्का सर्वे कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम भवराडांड पहुंची। उन्होंने आवास प्लस 2.0 मोबाइल एप के माध्यम से शांति बाई को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ दिलाने सर्वे किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में सरकार आम जनता के सपनों को साकार करने प्रतिबद्ध है। इस सर्वे अभियान के माध्यम से उन सभी हितग्राहियों को पक्का मकान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। जो प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभ से वंचित रह गए थे। इस अवसर पर जनपद सदस्य जन्मजेय प्रभाकर सीईओ एस के मरकाम समेत जनपद पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।

## आसपास क्षेत्र में खपाते हैं चोरी का कोयला

# गायत्री खदान में चोर गिरोह सक्रिय बाइक से पूरी रात करते हैं कोयला पार



खदान से कोयला चोरी करते लोग।



बोरियों में भरकर रखे चोरी का कोयला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

गायत्री खदान से कोयला चोरी करने की घटना थमने का नाम नहीं ले रहा। क्षेत्र में कोयला चोर गिरोह इस कदर सक्रिय हो गए है कि अब उनमें पुलिस का भय खत्म सा हो गया। चार दिन पूर्व ही पुलिस ने 50 बोरी कोयला व बाइक लावारिस हालत में पकड़ा था। बावजूद इसके चोरी की घटना कम नहीं हो रही है। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के गायत्री खदान जिस तरह कोयला उत्पादन के लिए क्षेत्र में पहला नंबर पर जाना जाता है ठीक उसी प्रकार कोयला चोरी के मामले में भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जहां दूर दराज क्षेत्र के कोल माफिया पहुंच बेधड़क कोयला का कारोबार चला रहे है।

जिले के गायत्री खदान में पिछले कुछ साल के भीतर ही कोयला चोर गिरोह काफी सक्रिय हो गए है। इसमें कुछ नामिक कबाड़ी व कोयला चोर अब कोयला चोरी को ही अपनी आजीविका का साधन बना चुके है। खदान से आए दिन कोयला चोरी की घटनाएं होती है। पूर्व में पुलिस ने भी कई बार चोरी के कोयला के साथ लोगों को पकड़ा है और पुलिस के सख्ती के कारण ही कोयला चोरी पर काफी हद तक अंकुश लगा था। लेकिन पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई नहीं करने से स्थिति पूर्व की भांति निर्मित हो जाती है और कोयला चोर गिरोह पुनः सक्रिय हो जाते है। पिछले कुछ माह से खदान के बैंकड़ पास व कोयला का स्टोरेज से पूरी रात बड़ी संख्या में ग्रामीण घुसकर बोरी से कोयला बाहर निकाल रहे है। इधर पुलिस एक पिकअप पर कार्रवाई करती है तो दूसरे पिकअप से कोयला चोरी करने काम शुरू हो जाता है।

**खास बात**

- पुलिस के कार्रवाई का भी नहीं हो रहा असर, धड़ल्ले से जारी है कोयला चोरी

### पुलिस ने 50 बोरी कोयला के साथ 13 बाइक किया था जब्त

चार दिन पहले कोतवाली पुलिस टीम गायत्री खदान के पास पहुंच सर्चिंग किया। इसी बीच पुलिस टीम ने गश्त के दौरान ही पुलिस टीम मौके ने लावारिस हालत में 13 बाइक तथा 50 बोरी चोरी का कोयला जब्त किया था। अंदेशा लगाया गया कि पुलिस के आने पर कोयला चोरी कर ले जा रहे लोग बाइक समेत बोरियों में भरे कोयला को छोड़कर फरार हो गए थे। हालांकि इस मामले में पुलिस ने पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 106 के तहत अपराध दर्ज कर बाइक मालिकों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के इस कार्रवाई के बावजूद कोयला चोर गिरोह फिर से सक्रिय हो गए है।

### बाइक से करते है कोयला परिवहन

सूत्रों के मुताबिक कोयला चोरी कराने वाले व्यक्ति पहले पिकअप से मजदूर लाकर सुरक्षा प्रहरियों से सांठगांठ कर पूरी रात कोयला चोरी करते थे लेकिन जब से क्षेत्र में पुलिस के गश्त और कार्रवाई तेज हुई है तब से पिकअप कोयला तस्करी बंद है। ऐसे में अब पिकअप के बजाय बाइक से 6-6 बोरी बोरी कोयला भरकर जान जोखिम में डालते हुए रामनगर, खरसुरा, रनियाडीह, दतिमा सहित आसपास क्षेत्र में संचालित ईंट भट्ठों में चोरी का कोयला ऊंची दामों में बेच मोटी कमाई कर रहे है। ऐसे में अब त्रिपुरा स्टेट राइफल के जवानों के कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे है।

### की जा रही कार्रवाई

गायत्री खदान से कोयला चोरी करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। चार दिन पूर्व लावारिस हालत में 50 बोरी कोयला के साथ 13 बाइक जब्त किया गया है और आगे भी लगातार कार्रवाई की जाएगी।
**-विमलेश दुबे**, कोतवाली प्रभारी



## मोर आवास मोर अधिकार सर्वेक्षण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को पक्के की मकान दिलाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाए जा रहे मोर दुआर साय सरकार अभियान के तहत आज खजुरी ग्राम पंचायत में मुख्य अतिथि श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने पात्र व्यक्तियों का सर्वे किया और जिसका आवास बना हुआ है उनको प्रमाण पत्र दिया। साथ ही ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कहा कि 30 अप्रैल तक आवास प्लस 2.0 का सर्वे होना है कोई भी पात्र व्यक्ति सर्वे से वंचित न रहे इसका पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। विधायक ने कहा कि आवास निर्माण ग्रामीण जनता के लिए है इसका लाभ सभी कोई ले और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस दौरान प्रतापपुर के ग्राम पंचायत खजूरी में प्रथम चरण के अंतर्गत पात्र परिवारों का सर्वेक्षण किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने स्वयं घर-घर जाकर हितग्राहियों का नाम जोड़ा और उन्हें योजना का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान अवधेश पांडे, आनंद शुक्ला, मानती सिंह, रामकिशुन पैकरा, अंबिका जायसवाल, रामरतन गुप्ता, विक्रम नामदेव, विक्रम सिंह, योगेंद्र सिंह, जनपद पंचायत सीईओ राधेश्याम मीरझा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एमएस ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



## पुलिस ने 1 लाख की नशीली दवाओं के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**सूरजपुर।** पुलिस ने नशीली दवाओं के विक्रेताओं को नशे की सामग्री खपाने के पहले ही धरदबोचा है। पुलिस ने आरोपी से कब्जे से 1 लाख 15 हजार कीमत के नशीली कफ सिरप व टेबलेट जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले में नशेडियों व नशे के कारोबारियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्र में गश्त कर रहे चौकी रेवटी पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि बनारस रोड़ पर ग्राम चांचीडांड स्थित ढ़ाबा के पास एक व्यक्ति बस से उतरा है और बड़ी मात्रा में नशीली दवाई अपने साथ रखा है। सूचना पुलिस ने मौके पर पहुंच बिलासपुर के सिरगिटी थाना अंतर्गत कुंदरापारा निवासी प्रतीक वस्त्रकार आ. शरद वस्त्रकार (20 वर्ष) को पकड़ उसके पास रखे सामान की की तलाशी ली तो उसके पास से 1 लाख 15 हजार कीमत के 116 नग नशीली कफ सिरप व 90 नग नशीली टेबलेट बरामद किया। पुलिस ने नशीली कफ सिरप व टेबलेट को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी रेवटी कृष्णा सिंह, एएसआई ज्ञानचंद सिंह, प्रधान आरक्षक शिव राजवाड़े, आरक्षक निर्मल राजवाड़े, महेन्द्र कुमार, अशोक राजवाड़े, शिवभजन कुजूर, बिरन सिंह, तिरथ राजवाड़े, अनिरूद्ध पैंकरा, सैनिक श्याम प्रकाश पटेल सक्रिय रहे।

## लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे लोग, मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**रनहत।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल जिला प्रवास के दौरान ग्राम कोचली पहुंचे। इस दौरान मंत्री श्री नेताम का पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री श्री नेताम ने स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मंत्री को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने मंत्री को बताया कि क्षेत्र वासी लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे है। क्षेत्र के डौरा, कोचली, अतौरी, लिलौटी, कोटसरी, डूमरखोला, घाघरा, झलरिया, खरसोता गांव के लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लो वोल्टेज के कारण न खेती हो पा रही है और ना ही बैंक चल पा रहा है। तहसील कार्यालय में भी काम नहीं हो पा रहे है। लो वोल्टेज के कारण विद्युत से चलने वाले संयंत्र नहीं चल पा रहे है और यदि कोई बीमार पड़ जाए तो लो वोल्टेज के कारण वो बैंक से अपना पैसा नहीं निकाल पाते है। मंत्री श्री नेताम ने लोगों को जल्द से जल्द लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि डौरा में रुके हुए सब स्टेशन के कार्य को भी गति देने के निर्देश अधिकारीयों को देंगे। इस दौरान जिपं सदस्य अनीता मरकम, जनपद सदस्य श्रीमुनी, कोचली सरपंच रानो, डोरा सरपंच प्रेमसाय, डुमरखोला सरपंच जीतन राम, उप सरपंच महेंद्र गुप्ता, झालरिया सरपंच अज्जू गुप्ता, अमित जायसवाल, अर्जुन, मोंटी, प्रेमलाल, महेश काशी, मुलायम, बंशी यादव, हरि नारायण गुप्ता, जतन राम, महेंद्र पोया सहित अन्य मौजूद थे।



### राजस्व पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष का चुनाव 26 को

**अम्बिकापुर।** जिला राजस्व पटवारी संघ के अध्यक्ष के चुनाव के लिए राजमोहिनी भवन में 26 अप्रैल शनिवार निर्धारित किया गया है। जिलाध्यक्ष श्रीकांत चौबे ने बताया कि शनिवार को अध्यक्ष पद के लिए दोपहर 12:20 से 1 बजे तक नाम वापसी एवं 1 बजे से 1.20 बजे तक मतदान होगा। एक से अधिक प्रत्याशी होने पर मतदान 1.30 से 2.30 तक होगा। अपराह्न 3.30 से 4.30 तक मतगणना उपरांत विजयी प्रत्याशी की घोषणा की जाएगी। अध्यक्ष का निर्विरोध चुनाव होने की स्थिति में भोजन अवकाश के बाद अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी।

## सरगुजा ने कोरिया को हराकर मेंस सीनियर टी-20 टूर्नामेंट में दर्ज की शानदार जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस सीनियर टी-20 टूर्नामेंट के प्लेड ग्रुप अंतर्गत आज आरडीसीए मैदान रायपुर में सरगुजा और कोरिया के बीच बेहद रोमांचक मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में सरगुजा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कोरिया को 84 रनों से हराकर प्रतियोगिता में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।

- एकतरफा मुकाबले में सरगुजा ने जिता मैच

सरगुजा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम की शुरुआत शानदार रही और बल्लेबाजों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ रन बनाए। टीम के सलामी बल्लेबाज कृष चोपड़ा ने आतिशी अंदाज में खेलते हुए 80 रनों की पारी खेली। उन्होंने कई आकर्षक चौके-छक्कों की मदद से मैदान पर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

उनके साथ कप्तान और अनुभवी रणजी खिलाड़ी आशुतोष सिंह ने भी शानदार अर्धशतक लगाया। उन्होंने 51 रनों की पारी खेलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। सरगुजा ने अपने 20 ओवरों में मात्र 4 विकेट खोकर 204 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोरिया की टीम दबाव में नजर आई। सरगुजा के गेंदबाजों ने घातक गेंदबाजी करते हुए विपक्षी टीम को बांधकर रखा। आयुष सिंह ने अपनी तेज गेंदबाजी से कोरिया के बल्लेबाजों को परेशान किया और 5 विकेट लेकर मैच का रुख पूरी तरह सरगुजा के पक्ष में मोड़ दिया। वहीं अनुपम टोप्पो ने भी 2 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। कोरिया की पूरी टीम 15 ओवर के भीतर ही 120 रनों पर सिमट गई और सरगुजा ने 84 रनों की बड़ी जीत हासिल की। इस जीत के साथ सरगुजा की टीम को आगामी मुकाबलों में आत्मविश्वास मिला है। टीम के प्रदर्शन से सरगुजा क्रिकेट संघ में उत्साह का माहौल है। संघ के अध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव और सचिव विनीत विशाल जायसवाल ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की।

### ग्राम पंचायत बलरामपुर में विष्णु महायज्ञ आज

**करवां।** संत सनातन धर्म समाज द्वारा ग्राम पंचायत बलरामपुर में 21 से 24 अप्रैल तक सार्वजनिक विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम पंचायत बलरामपुर स्कूल के समीप सनातन धर्म संत समाज द्वारा सार्वजनिक विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 21 अप्रैल की शाम 4 बजे कलश यात्रा निकालकर मंडप प्रवेश की जाएगी। 22 अप्रैल की सुबह 8 बजे अग्नि स्थापना वेदी पूजन, आरती, हवन एवं प्रसाद वितरण एवं सायंकाल में पूजन हवन पूजन, आरती, 23 अप्रैल को पूजन हवन एवं प्रसाद वितरण उपरांत सांय काल में संत समाज द्वारा भजन कीर्तन सत्संग एवं रात्रि जागरण किया जाएगा। 24 अप्रैल की सुबह 10 बजे पूजा हवन पश्चात, पितरों द्वारा आशीर्वाद एवं विप्र विदाई पूर्णाहुति किया जाएगा।

## विधायक ने किया महतारी भवन निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

शनिवार को विकासखंड के ग्राम बूढ़ाबगीचा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पंचायत भवन ग्राउंड के समीप महतारी सदन भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन मुख्य अतिथि सामरी विधायक उद्देश्वरी पैंकरा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत, उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल व सरपंच सुषमा मरावी ने की। इस महतारी सदन भवन का निर्माण 24.70 लाख की लागत से किया जाएगा। भूमि पूजन के दौरान सामरी विधायक उद्देश्वरी पैंकरा ने कहा कि पंचायत मंत्री विजय शर्मा द्वारा सभी विधायकों से प्रस्ताव मंगाकर स्वीकृति प्रदान की गई है। विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा द्वारा सभी महतारियों को सम्मान दिया और महतारी योजना का प्रारंभ कर सभी का फॉर्म भराया गया था और सरकार बनने की तत्काल बाद सभी महिलाओं के खाते में 1 हजार रूपए की राशि दी जा रही है जबकि महतारियों के सम्मान हेतु पंचायत मंत्री विजय शर्मा द्वारा महतारी सदन भवन का स्वीकृत प्रदान कर महतारियों का मान बढ़ाया है। इसके साथ ही विधायक ने स्पष्ट किया कि निर्माण की गुणवत्ता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यह तय करने का काम एसडीओ का होगा। उन्होंने कहा कि तीन महीने में निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा अगर कार्य में लापरवाही की जाएगी तो कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने उपस्थित सरपंच व पंचों को कहा कि आप सभी एक टीम बना ले और कार्य का निरीक्षण करते रहें, कार्य में अगर कोई लापरवाही की जाएगी तो तत्काल अधिकारी से शिकायत करें। कार्यक्रम में संजय सिंह, रवि प्रताप मराबी, दीपेश गर्ग, उमेश झा, सुभाष अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, संतोष पांडेय, अनिल तिवारी, सतीश सिंह, सीईओ अनिल तिवारी, एसडीओ जेआर सोनवानी, कैलाश अग्रवाल, अंकुर गुप्ता, ललन मुंडा आदि मौजूद थे।



## विद्यार्थियों व अध्यापकों ने किया हवन-पूजन

# डीएवी स्कूल में मनाई गई महात्मा हंसराज जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को महात्मा हंसराज की 161वीं जयंती मनाई गई।गौरतलब है कि महात्मा हंसराज का जन्म 19 अप्रैल 1864 को होशियारपुर जिला पंजाब के बजवाड़ा नामक स्थान पर हुआ था। उनका बचपन अभाव में व्यतीत हुआ। वे बचपन से ही कुशाग्रबुद्धि के धनी थे। बाद में परिवार के लाहौर जाने पश्चात वे स्वामी दयानंद सरस्वती के सत्संग से बहुत प्रभावित हुए और समाज सेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया। उन्होंने शिक्षा के उन्नयन एवं प्रचार-प्रसार में महान योगदान दिया था।

इस अवसर पर सामूहिक वैदिक हवन का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय प्राचार्य, अध्यापक-अध्यापिकाएं और सभी विद्यार्थी शामिल हुए। प्राचार्य एचके पाठक एवं अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा महात्मा हंसराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य एचके पाठक ने कहा कि महात्मा हंसराज का संपूर्ण जीवन त्याग और सेवा भाव से परिपूर्ण रहा है।वे दयानंद एंग्लो वैदिक हाई स्कूल लाहौर के अवैतनिक प्रधानाध्यापक रहे और बाद में दयानंद एंग्लो वैदिक कॉलेज के अवैतनिक प्राचार्य के रूप में सेवा देते रहे। उन्होंने सभी को वेदों का अध्ययन करने और समाजसेवा के कार्य में हमेशा अग्रणी रहने के लिए प्रेरित किया।विद्यालय के संस्कृत अध्यापक बलवीर त्रिपाठी ने कहा कि महात्मा हंसराज जी अभाव में जीवन व्यतीत कर सांस्कृतिक उत्थान, समाज सुधार, शिक्षा आदि अनेक क्षेत्र में महान कार्य किए। हम सभी को उनके आदर्श जीवन से प्रेरणा लेकर समाज एवं राष्ट्र सेवा के कार्यों में हमेशा तत्पर रहना चाहिए। संगीत शिक्षक नासिर खान के निर्देशन में विद्यालय की छात्राओं द्वारा भजनों की सामूहिक संगीतमय मनोरम प्रस्तुति दी गई। सामूहिक शांति पाठ के साथ आयोजन का समापन किया गया।



### पुलिस दूरसंचार भवन का किया गया लोकार्पण

**सलका अधिना।** कोतवाली परिसर में पुलिस दूरसंचार भवन का लोकार्पण विधिवत पूजा अर्चना कर एसडीओपी अभिषेक पैकरा व मातृशक्ति बिना सिंह व प्रतिभा सिंह ने फीता काट कर पुलिस दूरसंचार प्रभारी दया राम विश्वकर्मा की मौजूदगी में किया गया। पुलिस दूरसंचार प्रभारी दया राम विश्वकर्मा ने बताया कि व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नया पुलिस दूरसंचार भवन का निर्माण कराया गया है। पुरानी पुलिस दूरसंचार भवन जर्जर हो चुकी थी इसलिए नए भवन में इसको शिफ्ट किया जा रहा है ताकि नए भवन में वायलेस से पूरे जिले के थानों में संपर्क बेहतर किया जा सके। इसके लिए नए भवन में जल्द ही पूरी व्यवस्था कर दी जाएगी और जिला को ऑपरेट किया जाने लगेगा। जिसमें सारे स्टाफ अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाएंगे। इस दौरान उप निरीक्षक दयाराम विश्वकर्मा, महेंद्र कुमार साहू, ओम नारायण राय, रवि रंजन शर्मा, संतोष यादव, पंकज रविदास, अश्विनी कुमार मरकाम, ज्ञानेश्वर प्रसाद मंडावी, रूपेश्वर सिंह, राणा प्रताप सिंह, बिना सिंह, अवधेश साहू, शेष्मन साहू, महेश साहू, हीरालाल साहू, संजय साहू, प्रतिभा सिंह सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।



21-APRIL- JAS-KORIYA-RAG- JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 4/21/2025 8:05 PM Page 1





# केसरी चैप्टर-2 की कमाई में आया उछाल

**मुंबई।** अक्षय कुमार की फिल्म केसरी चैप्टर 2 को क्रिटिक्स और दर्शकों से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म के पहले दिन की शुरुआत अच्छी हुई थी। अब दूसरे दिन का अपडेट भी आ गया है। दूसरे दिन कमाई में बढ़ोतरी हुई है जिससे फिल्म की टीम भी खुश हो जाएगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने दूसरे दिन 9.50 करोड़ की कमाई कर ली है। वहीं, पहले दिन केसरी 2 ने 7.75 करोड़ कमाए थे तो इस हिसाब से फिल्म ने 2 दिन में टोटल 17.25 करोड़ कमा लिए हैं। वैसे अक्षय की फिल्म स्काई फोर्स की तुलना में फिल्म की कमाई कम है। वहीं, स्काई फोर्स ने 2 दिन में टोटल 34.25 करोड़ कमाए थे।

लाइफ Style



# उर्वशी

## लोग चीजों को ठीक से सुनते भी नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उर्वशी रौतेला ने हाल में एक इंटरव्यू में बयान दिया कि बद्रीनाथ धाम के पास उनका एक मंदिर है, जिसका नाम उर्वशी मंदिर है। इस पर खूब विवाद हो गया है। रश्मि देसाई ने भी इसकी आलोचना की है। अब उर्वशी की टीम ने एक बयान जारी किया है, जिसमें लोगों से आग्रह किया गया है कि वे वीडियो को ठीक से सुनें।

सिद्धार्थ कन्नन से बातचीत के दौरान उर्वशी ने दावा किया था कि बद्रीनाथ धाम के पास एक उर्वशी मंदिर है। उन्होंने दक्षिण भारत में भी कुछ ऐसा ही होने की इच्छा व्यक्त की। उर्वशी से पूछा गया कि क्या लोग आशीर्वाद लेने आते हैं? उन्होंने जवाब दिया, 'अब मंदिर है तो वही तो करेंगे।' अब उर्वशी रौतेला की टीम ने बयान जारी किया है, "उर्वशी रौतेला ने कहा कि उत्तराखंड में मेरे नाम का एक मंदिर है, न कि उर्वशी रौतेला का मंदिर। अब लोग चीजों को ठीक से सुनते भी नहीं हैं; बस 'उर्वशी' या 'मंदिर' सुनकर मान लेते हैं कि लोग उर्वशी रौतेला की पूजा करते हैं। इस वीडियो को ठीक से सुनें और फिर बोलें।' बयान में आगे कहा गया, 'उर्वशी ने कहा, हां, दिल्ली विश्वविद्यालय में उन्हें 'दमदमी माई' के रूप में पूजा गया था, और इसके बारे में एक न्यूज आर्टिकल भी है। उर्वशी रौतेला के बयान के बारे में भ्रमित करने वाले कमेंट्स करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए. किसी भी व्यक्ति के खिलाफ निराधार आरोप या अपमानजनक टिप्पणियां करने से पहले फैक्ट्स की पूरी तरह से जांच करना जरूरी है। समाज में सभी को एक-दूसरे के साथ सम्मान और समझदारी से पेश आना चाहिए ताकि सभी के अधिकारों की रक्षा की जा सके।'

## हॉलीवुड मसाला



# लेटेस्ट लुक अंडरवेयर ढीली पैंट

**लॉस एंजिल्स।** पॉप सिंगर जस्टिन बीबर पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बने रहते हैं। इस वक्त म्यूजिक एंड आर्ट फेस्टिवल से जस्टिन की कुछ ऐसी तस्वीरें सामने आई हैं, जिसे देखकर लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं, लोग उनकी तुलना ब्रिटनी स्पीयर्स से करते दिख रहे हैं। कहा जा रहा है कि जस्टिन अपने फैशन ब्रैंड के लॉन्च की तैयारी में हैं। जस्टिन की कमर से लटकती पैंट, ऊपर से झांकता अंडरवेयर और क्रॉप टॉप की तरह टीशर्ट में दिखे... जिसे देखकर लोगों ने हैरानी जताई थी।



# साइमन पैस्ले डे बने हैं जनरल डायर...

**नई दिल्ली।** 'केसरी चैप्टर 2' ने गुड फ्राइडे के मौके पर सिनेमाघरों में दमदार शुरुआत की है। फिल्म की तारीफ हो रही है। अक्षय कुमार, आर माधवन के अलावा चर्चा में ब्रिटिश एक्टर साइमन पैस्ले डे भी हैं, जिन्होंने फिल्म में जनरल डायर का रोल निभाया है। साइमन 'स्टार वार्स' फिल्म का हिस्सा रहे हैं। 'केसरी 2' में साइमन पैस्ले डे ने अपने खूंखार अंदाज, नृशंस हत्या के बाद भी अहम से भरे हुए व्यक्तित्व को बूखबी निभाया है। जो लोग नहीं जानते, उन्हें बता दें कि साइमन पैस्ले डे एक मंझे हुए और दिग्गज ब्रिटिश एक्टर हैं, जिनका थिएटर से लेकर टीवी और यहां तक कि रेडियो पर भी बड़ा नाम है। साइमन पेस्ले डे हॉलीवुड फिल्म 'स्टार वार्सः द राइज ऑफ स्काईवॉकर' में भी नजर आ चुके हैं। इंग्लैंड में 13 अप्रैल 1967 को पैदा हुए साइमन 58 साल के हैं।



# टोविनो ने चीन में मचाया गदर...

**नई दिल्ली।** अपने टैलेंट और अट्रैक्टिव ऑन-स्क्रीन पिक्चराइजेशन के लिए पसंद किए जाने वाले टोविनो थॉमस भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में एक महान शख्सियत बन गए हैं। अलग-अलग किरदारों में खुद को पूरी तरह से डुबोने की अपनी क्षमता के लिए मशहूर टोविनो ने अलग-अलग शैलियों में दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ने वाली परफॉर्मेंस देने के लिए तारीफ हासिल की है। अब टोविनो थॉमस मलयालम सिनेमा को उन ऊंचाइयों पर पहुंचा रहे हैं, जो पहले कभी नहीं पहुंची। उनकी हालिया ब्लॉकबस्टर, एआरएम और 2018 मूवी, ताइवान, ताइपे में गोल्डन हॉर्स फैंटास्टिक फिल्म फेस्टिवल में पूरी तरह से हाउसफुल मिला। दर्शक इन हैरान कर देने वाली फिल्मों की शक्तिशाली कहानी और टोविनो थॉमस की शानदार एक्टिंग से बेहद इंप्रेस्ड हैं।



# एनटीआर लेकर आ रहे हैं नई धांसू फिल्म

**नई दिल्ली।** दर्शकों के चहेते जूनियर एनटीआर अब प्रशांत नील और माइथ्री मूवी मेकर्स के साथ मिलकर एक बड़ी फिल्म करने जा रहे हैं। इसका फिलहाल नाम एनटीआरनील रखा गया है। जूनियर एनटीआर 22 अप्रैल से शूटिंग शुरू करने वाले हैं। इस प्रोजेक्ट को लेकर फैंस का क्रेज जबरदस्त है। शूटिंग के लिए रवाना होते हुए जूनियर एनटीआर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक फिल्म की डीटेल्स सीक्रेट रखी हैं, लेकिन माहौल में जबरदस्त हलचल है। प्रशांत नील की दमदार स्टोरीटेलिंग और जूनियर एनटीआर की तगड़ी मौजूदगी इस फिल्म को इंडियन सिनेमा में एक नया बेंचमार्क देने वाली है। इसके अलावा जूनियर एनटीआर देवाराः पार्ट 1 की धमाकेदार सफलता के बाद एक बार फिर वापसी कर रहे हैं।

## टीवी मसाला



# असित मोदी को आती है गुरुचरण सिंह की याद

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' बीते कई सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। शो के प्रोड्यूसर असित मोदी ने बताया कि जब एक्टर उनका शो छोड़कर जाते हैं तो उन्हें कैसा महसूस होता है। असित ने बताया कि उन्हें जाहिर तौर पर यह बात चुभती है लेकिन जब कोई कलाकार शो छोड़कर जाता है तो जनता को उस कलाकार के फैसले का सम्मान करना चाहिए। मोदी बातों-बातों में बीते दिनों एक्टर गुरुचरण सिंह उर्फ सोढ़ी की जिंदगी में आई मुश्किलों का भी जिक्र किया। असित मोदी ने बताया कि वह सीरियल का हिस्सा रहे पुराने एक्टर्स को मिस करते हैं। उन्होंने कहा, 'हम सभी ने साथ में शुरुआत की थी, और जब आप लंबे वक्त तक किसी के साथ काम करते हैं, और फिर जब वो जाते हैं तो दुख होता है। पुराने वाले हाथी भाई (कवि कुमार आजाद) की तबीयत खराब हुई और फिर वो चल बसे। मुझे नट्टू काका (घनश्याम नायक) की भी बहुत याद आती है। वो अभी अगर साथ होते तो बहुत मजा आता। कुछ लोगों ने यूं ही शो छोड़ दिया। वो कोविड के बाद यह शो नहीं करना चाहते थे।' असित मोदी ने कहा कि कुछ और भी एक्टर्स थे जिन्होंने ना जाने क्यों यह शो छोड़ दिया। कुछ गलतफहमी हुई होगी जिसके बाद वो चले गए। गुरुचरण सिंह के बारे में बात करते हुए कहा कि वह अभी भी उनके साथ टच में हैं। असित मोदी ने कहा, 'मैं कुछ लोगों के साथ अभी भी टच में हूं। गुरुचरण सिंह जी के साथ जो कुछ भी हो रहा है वो ठीक नहीं है। मुझे उनके लिए बुरा लगता है।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का बनेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** लगभग 25 साल पहले सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने टीवी पर राज किया, दर्शकों के बीच यह सीरियल काफी मशहूर हुआ। हाल ही में इस सीरियल के दोबारा बनने की बात सामने आई। सीरियल में



मिहिर के चर्चित किरदार के लिए भी एक्टर गौरव खन्ना का नाम सामने आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में मिहिर का किरदार निभाने के लिए दो नाम सामने आए हैं। एक तो एक्टर सुधांशु पाडे का नाम है, दूसरा गौरव खन्ना का नाम है। बॉलीवुड लाइफ से की गई बातचीत में इस बात को गौरव खन्ना नकार देते हैं। वह कहते हैं, 'मुझे नहीं लगता है कि ये बात सच है। अफवाहों का आजकल कुछ नहीं कर सकते हैं। हां, मैं इस खबर से सरप्राइज जरूर हूं।'एक तरफ तो गौरव खन्ना कहते हैं कि वह 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' सीरियल का हिस्सा नहीं है। वहीं, उन्होंने एकता कपूर के साथ काम करने की इच्छा भी जता दी है।

# 'जाट 2' और भी बड़ी और बेहतर होगी : सनी देओल

**नई दिल्ली।** अभिनेता सनी देओल की हालिया रिलीज 'जाट' का बॉक्स ऑफिस पर जादू जारी है। फिल्म 65 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। अभिनेता ने अपनी सफलता का क्रेडिट प्रशंसकों को देते हुए कहा कि उनके प्यार और भावनाओं ने ही 'जाट' को सफल बनाया है। इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए सनी देओल ने प्रशंसकों का आभार जताते हुए लिखा, 'आपका प्यार ही मेरी ताकत है और आप सबका जोश ही मेरी सफलता है।' सनी देओल ने आगे लिखा, 'जाट को प्यार करते रहिए। मैं 'जाट' और सिनेमा का जश्न मनाते हुए आप सभी के वीडियो देखकर अभिभूत हूं! उन्हें मेरे साथ शेयर करते रहिए. आपके प्यार और भावनाओं ने ही 'जाट' को सफल बनाया है। शेयर किए गए वीडियो में सनी देओल ने वादा किया कि 'जाट 2' और भी बड़ी और बेहतर होगी। खूबसूरत वादियों में



टहलते नजर आए एक्टर ने कहा, "आपने मेरी फिल्म 'जाट' को इतना प्यार दिया है, मैं वादा करता हूं कि 'जाट 2' और भी बेहतर होगी। उन्होंने बताया कि "'जाट 2' नए मिशन के साथ आ रही है। अपकमिंग एक्शन फिल्म का निर्देशन भी गोपीचंद मलिनेनी करेंगे। वहीं, पोस्टर में निर्माता नवीन यरनेनी, रविशंकर वाई और टीजी विश्व प्रसाद के नाम भी उजागर किए गए। 'जाट 2' का निर्माण भी माइथ्री मूवी मेकर्स प्रोडक्शन हाउस करेगा। फिल्म के सीक्वल में सनी देओल की पुष्टि हुई है। हालांकि, अन्य कलाकारों के बारे में निर्माताओं ने जानकारी नहीं दी है। 'जाट' का निर्देशन गोपीचंद मलिनेनी ने किया है। सनी देओल के साथ फिल्म में रणदीप हुड्डा, विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसंड्रा भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म में अभिनेता रणदीप हुड्डा खतरनाक खलनायक 'राणातुंगा' के किरदार में हैं।

# इस फिल्म के बाद अमिताभ ने जया बच्चन के साथ काम करने से कर दिया था इंकार

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन और जया बच्चन ने अपने कॅरियर में साथ मिलकर एक से बढ़ कर एक हिट फिल्में दीं। हालांकि, बाद में यह मशहूर जोड़ी एक साथ फिल्मों में नजर नहीं आई। इस बारे में जया ने बताया था कि यह अमिताभ का फैसला था कि दोनों फिल्मों में एक साथ काम नहीं करेंगे।. 2008 में एक मैगजीन के साथ एक बातचीत में जया बच्चन ने कहा था कि उन्होंने अपनी फिल्म मुकद्दर का सिकंदर के लिए अमिताभ के साथ कुछ रोमांटिक सीन शूट किए थे। बाद में जब फिल्म बनकर तैयार हुई, तो जया इसकी स्क्रीनिंग देखने आईं और उन सीन को देखने के बाद रो पड़ीं। एक हफ़्ते बाद उनके दोस्तों ने बताया कि बिग बी ने फैसला किया है कि वह उनके साथ फिर से काम नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, 'एक हफ़्ते बाद मुकद्दर का सिकंदर के ट्रायल शो के बाद, इंडस्ट्री में हर कोई मुझसे कह रहा था कि उन्होंने



(अमिताभ बच्चन) अपने निर्माताओं को यह स्पष्ट कर दिया है कि वह मेरे साथ काम नहीं करने जा रहे हैं। बाकी सभी ने मुझे इसके बारे में बताया, लेकिन उन्होंने इस विषय पर एक शब्द भी नहीं कहा। जब मैंने उनसे इस बारे में सवाल करने की कोशिश की, तो उन्होंने कहा, मैं एक शब्द भी नहीं बोलूंगा। 'मुझसे इस बारे में मत पूछो।' उसी बातचीत में जया ने बताया था कि अमिताभ बच्चन ने कई हिट फिल्में देने के बाद भी रेखा के साथ आगे काम नहीं किया।

### तो मेरी ज़िंदगी बन जाती नरक

जया ने बताया था कि उन्हें सार्वजनिक रूप से चल रही अटकलों के बारे में सब पता था। जया ने कहा था कि उन अफवाहों के पीछे कोई सच्चाई होती तो वह रेखा के साथ होंते। अगर वह बाहर की बातों की परवाह करने लगे, तो यह उनके लिए मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा, 'अगर कोई होता, तो वह कहीं और होता, ना? लोगों ने उन्हें स्क्रीन पर एक जोड़ी के रूप में पसंद किया, और यह ठीक है। मीडिया ने उन्हें उनकी हर हीरोइन के साथ जोड़ने की कोशिश की। अगर मैंने इसे गंभीरता से लिया होता, तो मेरी ज़िंदगी नरक बन जाती। हम बहुत सख्त इंसान हैं।'

## एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत फिल्म आग में बाल कलाकार के रूप में की थी

# असमय पत्नी जेनिफर की मौत से टूट गए थे शशि कपूर

### कैंसर से जंग हार गईं जेनिफर

जेनिफर और शशि के जीवन में तब तूफान आया जब 1982 में जेनिफर को कोलन कैंसर का पता चला और वह कैंसर से जंग हार गईं। 1984 में उनकी मृत्यु हो गई. उनके निधन के बाद शशि पूरी तरह टूट गए. सीम छाबड़ा द्वारा लिखी गई उनकी जीवनी, 'शशि कपूरः द हाउसहोल्डर, द स्टार' के एक अंश के मुताबिक पत्नी जेनिफर के निधन के बाद शशि का जीवन दिल दहला देने वाला था। यह 1983 की बात है। तब जेनिफर अमीबिक पेचिश से पीड़ित मानी जाती थीं- को कैंसर का पता चला। जेफ्री केंडल अपनी आत्मकथा में लिखते हैं कि जब उन्हें अपनी बेटी की बीमारी के बारे में पता चला, तो वे बहुत देर तक 'कैंसर' शब्द नहीं बोल पाए। उन्होंने इसे 'बीमारी' या 'यह चीज़' कहा।

### ऐसा लग रहा था मानो पूरी धरती जम गई हो

इस बीच, जेनिफर ने अपने तरीके से धीरे-धीरे निदान को स्वीकार किया और अपने करीबी लोगों को बताना शुरू किया, जिसमें अनिल धारकर जैसे दोस्त भी शामिल थे। अनिल कहते हैं, 'उसने मुझे बताया कि कैसे उन्होंने बॉम्बे के टाटा मेमोरियल अस्पताल में वॉलपेपर के साथ एक कमरे को चमकाने की कोशिश की थी।' और मैंने पूछा, अच्छा, तुम वहां क्यों गए थे? और उसने जवाब दिया, 'अनिल, क्या तुम नहीं देखते? मुझे बिग सी है।' बस इतना ही था। इस तरह मुझे पता चला।' जेनिफर ने भारत में सर्जरी करवाई और ऐसा लग रहा था कि वह ठीक हो रही है। लेकिन, बाद में लंदन की यात्रा के दौरान और अधिक जांच के बाद, ऐसा लगा कि कैंसर फैल गया है। जेनिफर ने अपने आखिरी महीने ब्रिटिश राजधानी में अस्पताल और अपने माता-पिता के घर में बिताए। जब उनकी मृत्यु हुई तो जेफ्री बहुत दुखी हुए. जेनिफर उनकी पहली संतान थी, उनकी सबसे प्रिय, उनकी लगभग सब कुछ।शोकाकुल जेफ्री कहते हैं, 'यह भयावह क्षति ऐसी है जिसके बारे में मैं न तो बात कर सकता हूं और न ही लिख सकता हूं। ऐसा लग रहा था मानो पूरी धरती जम गई हो।'

*नई दिल्ली। पृथ्वीराज कपूर के सबसे छोटे बेटे शशि कपूर बॉलीवुड के सबसे खूबसूरत अभिनेताओं में से एक थे। शशि ने 70 और 80 के दशक में कई हिट फिल्में दीं। उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत अपने भाई राज कपूर की फिल्म आग (1948) में एक बाल कलाकार के रूप में की थी और बाद में बड़े होने के बाद बतौर हीरो धर्मपुत्र (1961) से डेब्यू किया। शशि कपूर को दीवार, सत्यम शिवम सुंदरम, नमक हलाल, काला पत्थर और कभी-कभी में बेहतरीन एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। उस दौर में काम के साथ ही शशि अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब सुर्खियों में रहे।*



*शशि कपूर एक रशियन मूल की अभिनेत्री जेनिफर केंडल से प्यार करते थे। उनकी मुलाकात जेनिफर से तब हुई, जब वह अपने पिता पृथ्वीराज कपूर के साथ प्रसिद्ध पृथ्वी थिएटर में काम कर रहे थे।जल्द ही दोनों के बीच प्यार हो गया। जुलाई 1958 में दोनों ने शादी कर ली और उनके तीन बच्चे हुए - कुणाल कपूर, करण कपूर और संजना कपूर।*

### जीवन के प्रति हो गए थे निराश

पत्नी जेनिफर की मौत के बाद शशि शराब पीने लगे थे और जीवन के प्रति निराश हो गए थे। 4 दिसंबर, 2017 को मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में शशि कपूर ने अंतिम सांस ली थी। वह 79 वर्ष के थे और किडनी के इलाज के लिए डायलिसिस पर थे।

***रोशनी बुझ गई :*** उनके साथ-साथ उनकी पत्नी लॉरा लिडेल केंडल भी बहुत दुखी थीं। फेलिसिटी केंडल कहती हैं, 'मेरी मां उसके बाद कभी भी पहले जैसी नहीं रहीं। वह पहले बहुत धार्मिक थीं, लेकिन उनका विश्वास खत्म हो गया। रोशनी बुझ गई।' पूरा परिवार खुद को अस्थिर पाता था, कोई सहारा नहीं था। फेलिसिटी कहती हैं, 'मेरे माता-पिता आधे साल मेरी बहन के साथ भारत में बिताते थे, लेकिन जब उनकी मृत्यु हुई, तो उन्हें लगा कि वापस जाना बहुत दर्दनाक होगा, इसलिए उन्होंने अपना घर और जेनिफर दोनों खो दिए।'

***समुद्र के बीच नाव में रोए थे :*** इस बीच, फेलिसिटी कहती हैं, 'आखिरी समय में जेनिफर की एकमात्र चिंता अपने बच्चों के लिए थी'- वे दुखी थीं। देव बेनेगल कहते हैं कि वे पृथ्वी थिएटर में एक स्मारक पर कुणाल कपूर से मिले थे, 'परिवार अभी-अभी गोवा से वापस आया था और कुणाल ने मुझसे कहा, 'पापा समुद्र के बीच में नाव लेकर गए थे। जब वे वहां पहुंचे, तो पहली बार वे रोए। सच में, वे रोए थे। देव की तरह, मैं उस पल की कठोरता से स्तब्ध हूं - शशि, विशाल खुले समुद्र में अकेले, दुःखी। 'वह उसकी मौत से वाकई हिल गया था।'

## खबर संक्षेप

### जैन समाज से माफी मांगे भाजपा : परवेज

**अंबिकापुर।** महाराष्ट्र के मुम्बई में प्राचीन दिगम्बर जैन मन्दिर पर बुलडोजर चलाए जाने को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्प संख्यक विभाग के महासचिव परवेज आलम गांधी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व मध्य प्रदेश में जैन साधुओं के साथ हिंसा, अब मुंबई में प्राचीन जैन मंदिरों पर बुल्डोजर चला देना, ऐसा लगता है कि मुस्लिम और सिख अल्पसंख्यकों के बाद अब सरकार के निशाने पर अल्पसंख्यक समुदाय में आने वाला जैन समाज भी आ गया है। मैं सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समाज को निशाना बनाकर की जा रहीं इन कार्रवाइयों की निंदा करता हूं। जैन समुदाय की नाराजगी इस बात को लेकर है कि धार्मिक वस्तुओं और ग्रंथों का अपमान किया गया है। इस घटना को लेकर समाज में व्यापक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। यह एक बेहद संवेदनशील मामला है और देश में धार्मिक सहिष्णुता का उल्लंघन है, खासतौर पर उन समुदायों के लिए जिनकी इन धरोहरों में आस्था है। भाजपा सरकार को अपनी नकारात्मक राजनीति के लिए जैन समाज और देश से माफी मांगनी चाहिए।

### पीएमश्री आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**बिश्रामपुर।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जयनगर द्वारा 19 अप्रैल को विद्यालय की ओर से विद्यार्थियों के शैक्षिक भ्रमण कराया गया। जिसमें संभाग मुख्यालय अंबिकापुर के संजय पार्क तथा इंदिरा गांधी कृषि विज्ञान केन्द्र का कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों द्वारा शैक्षिक भ्रमण किया गया। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु टूर का आयोजन किया गया था, जिससे विद्यार्थी वनों एवं वन्य जीवों के महत्व को सीखें तथा कृषि केन्द्र से कृषि करने के विविध विधियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र जायसवाल के अलावा अन्य शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

### रेलवे गुड शेड में ट्रक की टक्कर से विद्युत पोल क्षतिग्रस्त



**बिश्रामपुर।** रेलवे रैक प्वाइंट बिश्रामपुर मालधक्का में रविवार की दोपहर ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीजेड 7190 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए परिसर में लगे विद्युत पोल को टक्कर मार दी जिससे विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गया है ,ऐसे में आरपीएफ बैरक सहित कुछ स्थानों की विद्युत व्यवस्था बाधित हो गई।घटना आरपीएफ बैरक के सामने रविवार दोपहर की बताई गई है।आरपीएफ ने मालवाहक वाहन को जप्त कर बैरक में खड़ी कराया है।

**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर जिला कोरिया ( छ.ग. )**
ई-कोड क्र....../अ-6/2024-25
**//ईश्तहार//**

सर्वसाधारण ग्राम तलवापारा राजस्व निरीक्षक मंडल बैकुण्ठपुर तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है, आवेदक अमितेष साहू आ. संतकुमार साहू आयु 06 वर्ष द्वारा वली मां श्रीमती बचन साहू पति स्व. संत कुमार साहू उम्र 43 वर्ष निवासी तलवापारा वार्ड नं. 1 तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. ने आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109,110 छ.ग. भू. राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन पेश किया गया है कि आवेदिका श्रीमती बचन साहू पति स्व. संत कुमार साहू निवासी वार्ड नं. 1 तलवापारा तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया की निवासिनी हैं आवेदिका के पति स्व. संत कुमार साहू के द्वारा माननीय न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर के समक्ष मामला क्रमांक 202401011500078/ब-121/2023-23 संत कुमार साहू प्रति शासन प्रकरण दायर किया गया था जिसमें कि स्व. संत कुमार साहू अपने जीवन काल में दिनांक 26.05.2024 को पारिवारिक व्यवस्था पत्र 50/- रुपये के स्टाम्प पेपर पर गवाहों के समक्ष लिखा था। अमितेष साहू द्वारा वली संरक्षित माता श्रीमती बचन साहू के द्वारा दिनांक 31.07.2024 के आदेश के आधार पर पारिवारिक व्यवस्था पत्र के आधार पर अनावेदक क्र. 1 एवं 2 के नाम पर ग्राम तलवापारा स्थित भूमि ख.नं. 252/4, 266/2, 266/3, 266/5, 320/2, 336/10, 349, 364, 365/2, 266/2, 178/6, 178/7, 335/4, 348 व 350/1 कुल खसरा 15 कुल रकबा 3.120 हे. भूमियों में से ख.नं. 178/7 एवं 266/3 रकबा क्रमशः 0.0120, 0.2190 हे. भूमि आवेदिका के नाबालिग पुत्र अमितेष साहू वली मां श्रीमती बचन साहू के नाम पर किये जाने हेतु यह आवेदन प्रस्तुत की जा रही है क्योंकि पारिवारिक व्यवस्था पत्र के आधार पर ख.नं. 178/7 एवं 266/3 की भूमि को छोड़कर बाकि भूमिया अनावेदक क्र. 1 एवं 2 के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज की जा चुकी है। अमितेष साहू मां वली श्रीमती बचन साहू के नाम पर दर्ज नहीं की गई है। आवेदिका द्वारा आवेदन के आधार पर खसरा नं. 178/7 व 266/3 की भूमि को अमितेष साहू वली मां श्रीमती बचन साहू के नाम पर अभिलेख दुरुस्त किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 05/05/2025 तक स्वयं या अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभावक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार विमर्श नही किया जावेगा। जारी दिनांक 21/04/2025

**तहसीलदार**
**बैकुण्ठपुर जिला कोरिया**

## खरीफ सीजन से पहले तैयारियों पर समीक्षा

# धान के बदले दलहन-तिलहन के रकबे को बढ़ाएं: त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुण्ठपुर

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में कृषि, उद्यानिकी, सहकारिता, मत्स्य एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने परंपरागत धान की खेती की जगह दलहन एवं तिलहन फसलों जैसे मूंग, उड़द, मूंगफली, तिल, सरसों एवं मक्का के रकबे को बढ़ाने पर विशेष बल दिया।

उन्होंने कहा कि इन फसलों से न केवल किसानों को बेहतर आमदनी होगी, बल्कि पोषण और मिट्टी की गुणवत्ता भी सुधरेगी।



बैठक लेती कलेक्टर।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक करें और इन लाभकारी फसलों की खेती के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार किसानों को उचित बाजार उपलब्ध कराएगी और समर्थन मूल्य पर खरीदी की व्यवस्था भी की जाएगी। उन्होंने नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल 2025-26 के तहत जिले में तिलहन उत्पादन को प्राथमिकता देने की बात कही। तिलहन फसलों का रकबा बढ़ने पर जिले में तेल मिल की स्थापना का भी प्रयास किया जाएगा, जिससे स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण और रोजगार के अवसर सृजित होंगे। कलेक्टर ने कहा कि जिले में जैविक खेती को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, क्योंकि उपभोक्ताओं में अब जैविक उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है। इससे किसानों को बेहतर दाम, उपजाऊ जमीन और स्वस्थ समाज का लाभ मिलेगा। बैठक में खाद-बीज की उपलब्धता, भंडारण और वितरण व्यवस्था की निगरानी के निर्देश दिए गए। फसल बीमा योजना के ऑप्ट आउट विकल्प के सफल क्रियान्वयन पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया। वनाधिकार पट्टाधारी किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से जोड़ने के लिए पोर्टल पर नियमित पंजीयन कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही मिलेट्स (श्री अन्न) की खेती को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया। कलेक्टर ने बताया कि बीज उत्पादन के क्षेत्र में कोरिया जिला, सरगुजा संभाग में प्रथम स्थान पर है, जो जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने अधिकारियों से राज्य स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त करने के लिए और अधिक परिश्रम करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कृषि, मत्स्य, पशुपालन, सहकारिता विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पेयजल व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुण्ठपुर



कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले में पड़ रही भीषण गर्मी के मद्देनजर आम नागरिकों को साफ एवं सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि पेयजल व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता आकाश पोद्दार ने जानकारी दी कि कलेक्टर के मार्गदर्शन और निर्देशानुसार जिले के दूरस्थ व प्रभावित क्षेत्रों में लगातार तेजी से जल समस्या का निराकरण किया जा रहा है।

कलेक्टर द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार जिले के सभी गांवों में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए अधिकारियों एवं तकनीकी कर्मचारियों की टीम लगातार काम कर रही है। श्री पोद्दार ने बताया कि कुछ गांवों में हैंडपंप के बिगड़ने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिन्हें प्राथमिकता में लेकर तत्काल मरम्मत कर दी गई है। ग्राम सरईगहना में पेयजल संकट की सूचना मिलते ही कलेक्टर ने स्वयं संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके अंतर्गत वहां भी पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी गई है। सरईगहना निवासी श्रीमती दूरपति पंडो ने बताया कि पानी की समस्या से निजात मिली है। श्री पोद्दार ने यह भी बताया कि वर्तमान में गिरते भूजल स्तर के कारण कुछ क्षेत्रों में जल उपलब्धता की समस्या उत्पन्न हो रही है। ऐसे में आम नागरिकों से अपील की गई है कि यदि कहीं भी पेयजल संबंधी समस्या उत्पन्न होती है, तो वे विभाग से तत्काल संपर्क करें या निर्धारित दूरभाष नंबर पर सूचित करें, जिससे समय पर कार्रवाई की जा सके। कलेक्टर ने गर्मी में पेयजल संकट से निपटने के लिए पीएचई विभाग को हरदम एलर्ट रहने के निर्देश भी दिए हैं ताकि आम नागरिकों को पेयजल समस्या का सामना करना न पड़े।

## शिकायत मिलते ही वार्ड 15 में सफाई कार्य शुरू



साफ-सफाई में जुटे कर्मी।

**पटना।** सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त जनशिकायतों के त्वरित निराकरण की दिशा में नगर पंचायत पटना द्वारा प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। वार्ड क्रमांक 15 में साफ-सफाई नहीं होने की शिकायत मिलने पर प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल कार्रवाई की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड 15 में गंदगी और जाम नाली को लेकर नागरिकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया था। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सफाई व्यवस्था दुरूस्त करवाई। सफाई कर्मचारियों द्वारा कचरे की सफाई के साथ-साथ नाली में जमे मलबे को भी हटाया गया, जिससे जल निकासी में आ रही समस्या का समाधान हो सका। नगर पंचायत पटना के सफाई कर्मचारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई किए जाने से स्थानीय नागरिकों, विशेषकर शिकायतकर्ता को राहत मिली है, इससे क्षेत्र में स्वच्छता और स्वास्थ्य की स्थिति बेहतर होगी।

## पैरेंट ओरिएंटेंशन प्रोग्राम का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विद्यालय के अध्ययनरत एवं नवीन प्रवेशित छात्रों के अभिभावकों के लिए एक अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम (पैरेंट ओरिएंटेंशन प्रोग्राम) आयोजित किया गया।



कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार तिवारी द्वारा किया गया। डॉक्टर तिवारी ने अपने उन्मुखीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत अभिभावकों को स्कूल के विजन, पाठ्यक्रम और प्रमुख शैक्षणिक दिशा-निर्देशों से परिचित कराया उन्हें संस्थान के बुनियादी ढांचे, शिक्षण पद्धतियों और विभिन्न सह- पाठयक्रम संरचनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में छात्रों के लिए एक सहज पाठ्यक्रम सुनिश्चित करने के लिए शैक्षणिक वर्ष के लिए महत्वपूर्ण निर्देश और अपेक्षाएं साझा की गई, इसके अतिरिक्त प्राचार्य ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यालय प्रतिवर्ष की भांति सफलता के नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है और उसके लिए जरुरी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा। जैसे भाषा, खेल, नृत्य, संगीत के क्षेत्र में विद्यार्थियों को पारंगत बनाने के लिए विभिन्न क्लबों की शुरूआत की जाएगी। इसीक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ छात्रों के द्वारा कनिष्ठ छात्र-छात्राओं द्वारा पढ़ाने के लिए विभिन्न कक्षाएं आयोजित की जाएगी, जिसका प्रमुख उद्देश्य बड़ी कक्षा के बच्चे जब पढ़ाते हैं, तो खुद भी दोबारा वहीं विषय समझते हैं, जिससे उनकी समझ और गहरी होती है। जब बड़े बच्चे दूसरों को पढ़ाते हैं, तो उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और नेतृत्व करने की क्षमता विकसित होती है, छोटी कक्षा के बच्चों को अपने जैसे वरिष्ठ छात्रों से पढ़ने में ज्यादा अपनापन और सहजता महसूस होती है, जिससे वे खुलकर सवाल पूछते हैं, इससे स्कूल में आपसी सहयोग और मेलजोल की भावना का विकास करना है। कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ संगणक शिक्षक एवं परीक्षा नियंत्रक सतेन्द्र ने नव प्रवेशित छात्रों के अभिभावकों को ईआरपी ऐप से जुड़ी जानकारियां प्रदान की और उसके प्रयोग से जुड़े महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।



## 7वीं आईएसएफ राष्ट्रीय कराटे के लिए नगर के 4 मार्शल आर्ट्स खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रामानुजगंज

नगर के 4 मार्शल आर्ट्स के खिलाड़ियों का चयन हरिद्वार में आयोजित 7वीं आईएसएफ राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रतियोगिता उत्तराखंड के हरिद्वार में 26 व 27 अप्रैल को किया जा रहा है।

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने चयनिय खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और पूर्ण विश्वास भी जताया कि रामानुजगंज के खिलाड़ी हरिद्वार से अवश्य मेडल जीतकर आएंगे और अपने शहर के साथ छत्तीसगढ़ राज्य का भी नाम रोशन करेंगे। मार्शल आर्ट कराटे के मुख्य प्रशिक्षक शिहान तरुण शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में देश के कोने कोने से 500 से अधिक बालक, बालिका, महिला व पुरूष खिलाड़ी भाग लेंगे। जिसमें हमारे जिले के 4 खिलाड़ियों का भी चयन हुआ है जो कि छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि कृष्ण कुमार विश्वकर्मा का सीनियर वर्ग में अंडर 61 किलो भारवर्ग के कुमिते व काता इवेंट्स में। सोनी विश्वकर्मा का सीनियर वर्ग में अंडर 45 किलो भारवर्ग के कुमिते व काता इवेंट्स में। महिमा सिंह का सबजूनियर वर्ग के 9 व 10 वर्ष में कुमिते व काता इवेंट्स में व कलमू अंसारी का सीनियर वर्ग में अंडर 50 किलो भारवर्ग के कुमिते व काता इवेंट्स में हुआ है। इस दौरान विजय रावत, अंकित गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, अवधेश यादव सहित खिलाड़ियों के अभिभावक व अन्य उपस्थित रहे।

## जर्जर सड़क के गड्ढे में गिरने से बचा युवक, मुरूम से पटवाया गड्ढा

**रामानुजगंज।** राष्ट्रीय राजमार्ग 343 की हालत दिन प्रतिदिन अत्यंत दयनीय होते जा रही है। मंगलवार की रात मार्ग से गुजर रहा युवा किसान बाइक सवार आरागाही के समीप पानी से भरे गड्ढे में गिरते गिरते बाल-बाल बचा। दुर्घटना से बचे युवा किसान ने दूसरे दिन 8 ट्रैक्टर मुरम से सड़क का पूरा गड्ढा भरवा दिया। युवक का कहना था कि यदि चोट लगती तो हाथ पैर टूट जाते और इलाज में लाखों रुपए खर्च हो जाते। अगर कुछ हजार में यह गड्ढा भर जाता है तो अन्य लोगों लोगों को भी राहत हो जाएगी। युवक के सोच की लोगों ने जमकर सराहना की।



गौरतलब है कि बलरामपुर से रामानुजगंज के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग 343 में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। तातापानी में गड्ढो के आकार काफी बढ़ गए हैं तो आरागाही के पास सब्जी बाजार के आगे गड्ढे काफी खतरनाक हो गए थे। इसी गड्ढे में ग्राम नवापारा निवासी अनूप यादव (29 वर्ष) मंगलवार की रात 10 बजे घर जाने के दौरान जर्जर सड़क के कारण गड्ढे में गिरने से बाल-बाल बच गया। बड़ी दुर्घटना होने से बच जाने पर युवा किसान ने दूसरे दिन 8 ट्रैक्टर मुरम पूरे गड्ढे को भरवा दिया अनूप का कहना था कि यदि अधिक चोट लग जाती तो लाखों रुपए खर्च होते कई महीना बिस्तर में रहना पड़ता। यही सोचकर गड्ढो को भरवा दिया जिससे अन्य लोग दुर्घटना से बच सके।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम पटेलपारा निवासी अभन असमिन टोप्पो आ. परमानन्द टोप्पो (19 वर्ष) 19 अप्रैल की दोपहर पत्थलगांव निवासी बहन के यहां जाने की बात कहकर बाइक से अकेले निकला था। जैसे ही बाइक सवार पेटला ढोढरोंग पारा के समीप पहुंच तभी सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर बड़ी बहन निकेता ने भाई के सड़क हादसे में गंभीर हो जाने की जानकारी परिजन को दी। परिजन युवक को तत्काल सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

### सर्व सोनार समाज कल्याण समिति की संभागीय इकाई गठित

**धौरपुर।** विश्वकर्मा मंदिर सभा गृह में नवीन सर्व सोनार समाज कल्याण समिति सरगुजा संभागीय गठन संपन्न हुआ। बैठक में सर्व सहमती से संरक्षक शिवराम सोनी, सरगुजा संभाग अध्यक्ष सुरेश कुमार सोनी, उपाध्याय रघुनाथ सोनी, महासचिव सुरेश कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष अंबिका सोनी, सह सचिव गणेश सोनी को बनाया गया। इस दौरान सरगुजा से जवाहर सोनी,अशोक सोनी, बबलू सोनी, संतोष सोनी, बलरामपुर से नरेश सोनी, सुरेश सोनी, अरुण सोनी, ओमप्रकाश सोनी, संतोष सोनी, नंदलाल सोनी, सूरजपुर से कंचन सोनी, अनिल गुप्ता, धरम सोनी, कृष्णा सोनी, श्याम बाबू सोनी, दिनेश सोनी, जशपुर जिला से सुनील सोनी, राजा सोनी सहित संभाग के बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### 8 महंगी बाइक ...

कर उन्हें दबोचने में सफलता पाई। मुख्य आरोपी भूपेन्द्र सिंह को 20 अप्रैल को दोपहर 1:25 बजे गिरफ्तार किया गया है। वहीं नाबालिग आरोपी को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की तलाश अब भी जारी है। इस सफल कार्रवाई में निरीक्षक विनोद पासवान, विपिन लकड़ा, प्रधान आरक्षक नवीन साहू, आरक्षक भानुप्रताप सिंह, दिनेश उइके, विमल जायसवाल, सजल जायसवाल, अमरेशा ठाकुर, शिवम सिन्हा, रामायण श्याम, संदीप साय और प्रदीप साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### अध्यक्ष रामसेवक के ...

युवा मोर्चा अध्यक्ष हितेश सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती धर्मवती राजवाड़े, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतेन्द्र राजवाड़े, युवा नेता शारदा गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि मनोज साहू सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस अवसर पर जगदीश साहू, अनिल खटीक, राजाराम राजवाड़े, दीपा विश्वकर्मा, सुभाष जायसवाल, प्रदीप राजवाड़े, संतोष शर्मा, दिलीप राजवाड़े, रवि त्रिपाठी, उमाशंकर बंटी, रोशन राजवाड़े, शाहिद असरफी, रमेश तिवारी, नीरज पटेल, सुजय जैन, श्रीराम दुबे, हरिश्चंद्र राजवाड़े, मयंक राठौर, भुनेश्वर राजवाड़े व अभिषेक साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अध्यक्ष श्री पैकरा ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन और सरकार के विश्वास पर खरे उतरते हुए निगम के माध्यम से वनों के संरक्षण और आदिवासी हितों की दिशा में ठोस कार्य करेंगे।

### बाजारपारा के दाल-भात...

के तहत खुले दाल-भात केन्द्र का लाभ श्रमिक वर्ग के लिए 3 रूपए में राहत भरा मदद मिल रही है। वर्तमान में महंगाई के दौर में 3 रूपए में तो हॉटलो में नास्ता भी नहीं मिलता है, ऐसे में सरकार की योजना के तहत संचालित दाल भात केन्द्र में भरपेट भोजन मिल रहा है, यह निश्चित रूप से श्रमिकों को आर्थिक रूप से बड़ी राहत मिल रहा है। सिर्फ 5 रूपए में भरपेट भोजन- पौनी पसारी शेड के नीचे संचालित दाल-भात केन्द्र में महंगाई के इस दौर में भी सस्ते दर पर भोजन उपलब्ध करा कर जरूरतमंदों को बड़ी आर्थिक मदद मिल रही है। जानकारी के अनुसार उक्त केन्द्र में सोमवार को चावल, दाल, कद्दू की सब्जी के साथ आचार, पापड़ व प्याज भी परोसा गया था। महंगाई के इस दौर में 3 रूपए में जरूरतमंदों को भरपेट भोजन मिल रहा है,जबकि इतने रूपए में तो कही नाश्ता भी नहीं मिलता। निश्चित रूप से यह योजना जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित हो रही है।

बड़ी संख्या में लोग उठा रहे लाभ- शहर के बाजारपारा के पौनी पसारी शेड के नीचे संचालित शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत संचालित दाल भात केन्द्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोग भोजन करने के लिए पहुंचते हैं। जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर 12:30 बजे तक 70 लोग भोजन कर चुके थे और भोजन करने वालों के आने का क्रम चल ही रहा था। इस तरह उक्त योजना के तहत संचालित दाल भात केन्द्र का लाभ बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोग उठा रहे हैं।

### लाखों खर्च के ...

के बाद उसमें ताला लटका हुआ है। कई पंचायतों के ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन इस मामले पर ध्यान देगा, जिससे जल्द ही उन्हें उपलब्ध सुविधाओं का लाभ मिलने के साथ गांव के लोगों को रोजगार करने का ठिकाना मिल सकेगा।

शौचालय बनने के बाद लटका है ताला- एमसीबी जिले के अंतिम छोर का ग्राम पंचायत जरौंधा में स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा व 15 वां वित्त से ग्राम जरौंधा में सामुदायिक शौचालय सह दुकान निर्माण कार्य के लिए 4 लाख रूपए की स्वीकृति वर्ष 2023-24 में की गई। निर्माण कार्य 30 सितंबर 23 को प्रारंभ किया गया और कार्य पूरा भी कर लिया गया, लेकिन निर्माण कार्य पूरा होने के बाद से अब तक उक्त सामुदायिक शौचालय में ताला लटका हुआ है। ऐसा केवल जरौंधा पंचायत का ही हाल नहीं, बल्कि एमसीबी कोरिया जिले के कई पंचायतों का इसी तरह का हाल देखने को मिल जाएगा।










